(iv) The Hon'ble Supreme Court of India in case of Bharathidasan University & Another Vs AICTE & Others has interpreted the provisions of the AICTE Act and has held that although university do not require prior approval of AICTE to commence a new department or course and programmes in technical education, however, universities have obligation or duty to conform to the standards; and norms laid down by the AICTE. For the purpose of ensuring coordinated and integrated development of technical education and maintenance of standards, AICTE may cause an inspection of the university, which has to be as per the provisions under relevant rules/regulations of the AICTE. Further, all institutions running technical education programmes in collaboration with any university requires prior approval of AICTE.

v) **With regard to the above, all the institutions offering technical education programmes in affiliation/collaboration with or any university in any form are advised to seek the prior approval/approval of AICTE, otherwise the technical education programmes offered through such institutions shall be notified as unapproved programmes.**

THE PERSONS PURSUING THEIR TECHNICAL EDUCATION WITH THE INSTITUTIONS OR ASPIRING TO TAKE ADMISSION IN INSTITUTIONS FOR TECHNICAL EDUCATION ARE HEREBY ADVISED TO ENSURE ABOUT THE STATUS OF APPROVAL OF THE INSTITUTION AND/OR PROGRAMME CONCERNED.

Member Secretary

Scanned with CamScanner

ज्ञान शांति मैत्री

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997,क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

दूर शिक्षा निदेशालय
के
अध्ययन बोर्ड की छठवीं बैठक

(03.05.2016)

कार्यवृत्त

स्थान – सभा कक्ष, डायस्पोरा विभाग

दूर शिक्षा निदेशालय

पोस्ट – हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा–442 005 (महाराष्ट्र)

फोन नं. : 07152–247146, 255360

वेब साईट: www.hindivishwa.org

मद संख्या – 28 :– एम.बी.ए., बीबीए पाठ्यसामग्री निर्माण के संबंध में।

सत्र 2014–15 में प्रकाशित विवरणिका में सेमेस्टर – III के पाठ्यविषयों की सूची में BBA203 कोड में दिया गया विषय व्यावसायिक सन्नियम है जबकि विस्तृत पाठ्यविवरण में उसी कोड में विषय का नाम लागत की आधारभूत अवधारणाएँ है, चूंकि विद्यार्थियों को उसी विषय का पाठ्यविवरण तथा पाठ्यसामग्री देना वांछनीय है जो विवरणिका में प्रकाशित है।

अतः BBA203 कोड में व्यावसायिक सन्नियम के पाठ्यविवरण की स्वीकृति देने की कृपा करें। MBA पाठ्यविवरण में विभिन्न पाठ्यविवरणों का बंटवारा पहले खंड में तथा फिर खंडों को इकाइयों में बांटा गया है। परंतु MBA-202 अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रबंध के पाठ्यविवरण को पहले इकाई तथा फिर इकाइयों को घटक में बांटा गया है।

अतः सम्पूर्ण पाठ्यविवरण में समरूपता बनाये रखने के लिए इस पाठ्यविवरण को भी पहले खंड तथा फिर खंड को इकाईयों में बांटने की अनुमति प्रदान करें।

निर्णय – स्वीकृति प्रदान की गई। एम.बी.ए. पाठ्यक्रम के तृतीय सत्र के प्रश्न पत्र एम.बी.ए. – 207 का नाम बदलकर कार्पोरेट लेजिस्लेशन किया गया।

मद संख्या – 29 :– अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय।

निर्णय –

- *क्षेत्रीय केंद्रों को अध्ययन केंद्रों के रूप में मान्यता प्रदान किए जाने संबंधी प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गई।*
- *पूर्व में इग्नू के माध्यम से संचालित एम.ए.आर.डी. एवं एम.ए. हिंदी में प्रवेशित विद्यार्थियों को द्वितीय वर्ष के लिए इग्नू की पाठ्यसामग्री प्रेषित की जाए।*
- *आईकेसी द्वारा निर्मित एम.बी.ए. तृतीय एवं चतुर्थ सत्र की पाठ्यसामग्री यदि उपलब्ध हैं तो उसे संबंधित विद्यार्थियों को प्रेषित की जाए एवं अनुबंध के अनुसार ऐसे विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम शुल्क के 25 प्रतिशत राशि का भुगतान आईकेसी को किया जाए। अन्यथा की स्थिति में विद्यार्थियों को सूचित किया जाए कि पाठ्यसामग्री निर्मित होने पर अपलोड की जाएगी।*
- *विभिन्न भाषाओं में डिप्लोमा एवं प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के पाठ्यविवरण को स्वीकृत किया गया।*
- *अध्ययन केंद्रों के संचालकों के साथ सम्पन्न अभिविन्यास कार्यक्रम के कार्यवृत्त का अवलोकन किया गया एवं यह निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय एवं विद्यार्थी हित में जो भी निर्णय उचित होगा उसे स्वीकार किया जाएगा।*
- *दिनांक 02.05.2016 को सम्पन्न विभागीय बैठक के कार्यवृत्त पर चर्चा की गई। हिंदी भाषा और साहित्य में डिप्लोमा और प्रमाणपत्र को बदलकर हिंदी में डिप्लोमा और प्रमाणपत्र किया गया। इसी के साथ आओ हिंदी सीखें (लर्न हिंदी) जागरूकता कार्यक्रम को स्वीकृती दी गयी। इस हेतु श्री संदीप मधुकर सपकाले को संयोजक के रूप में नामित किया गया।*

- प्रयोजनमूलक हिंदी एवं राजभाषा प्रबंधन में एम.ए. पाठ्यक्रम (साहित्य विद्यापीठ द्वारा निर्मित) में निदेशालय की आवश्यकता अनुसार संशोधन कर निदेशक को प्रस्तुत किया जाएगा।
- दूर शिक्षा निदेशालय में कर्मियों को बैठने हेतु एक केंद्रीय कक्ष में उचित व्यवस्था किए जाने संबंधी डॉ. रविन्द्र टी. बोरकर के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई।
- एम.ए. राजनीति विज्ञान एवं एम.ए. समाजशास्त्र को प्रारंभ करने की स्वीकृति प्रदान की गयी है।
- उपर्युक्त में से किसी भी निर्णयों पर असमंजस की स्थिति में अंतिम निर्णय लिए जाने हेतु निदेशक, दूर शिक्षा को अधिकृत किया गया।

3/5/16 — प्रो. अरबिन्द कुमार झा (अध्यक्ष)

03/5/2016 — डॉ. रविन्द्र तु. बोरकर (सदस्य)

श्री पी. एस. सिंह (आमंत्रित सदस्य)

डॉ. गोपाल कृष्ण ठाकुर (आमंत्रित सदस्य)

3/5/16 — डॉ. शिरीष पाल सिंह (आमंत्रित सदस्य)

डॉ. शंभू जोशी (सदस्य)

डॉ. अमित राय (सदस्य)

डॉ. अमरेन्द्र कुमार शर्मा (सदस्य)

श्री संदीप मधुकर सपकाले (सदस्य)

3/5/2016 — डॉ. शैलेश मरजी कदम (सदस्य)

डॉ. परिमल प्रियदर्शी (आमंत्रित सदस्य)

डॉ. पुरन्दरदास (आमंत्रित सदस्य)

श्री मनोज कुमार चौधरी (आमंत्रित सदस्य)

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(A Central University Established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

कार्यक्रम परियोजना रिपोर्ट (बीएड)

(Programme Project Report B.Ed.)

दूर शिक्षा निदेशालय

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

पोस्ट – हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा – 442001 (महाराष्ट्र)

1) **कार्यक्रम ध्येय और उद्देश्य(Programme's mission & objectives) :**

आज शिक्षा, अपने अनेक रूपों और संस्थाओं के साथ समाज में उपस्थित है। इसे वैयक्तिक विकास, सामाजिक बदलाव और आर्थिक विकास को पाने के माध्यम के रूप में देखा जाता है। बदलते सामाजिक-आर्थिक परिवेश ने जहाँ शिक्षा के नए अवसर पैदा किए हैं वहीं कुछ नई चुनौतियाँ भी खड़ी की हैं। समकालीन परिवेश में शिक्षा की विकास की अन्य नीतियों के साथ सघन अन्तःक्रिया भी हो रही है। इस प्रसंग में शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने और इसके संस्थागत रूप के क्रियान्वयन के साथ-साथ उसके प्रति एक सर्तक आलोचनात्मक दृष्टि भी रखने की आवश्यकता है। इन संदर्भो को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों और शिक्षक-शिक्षकों की अकादमिक और वृत्तिक विकास के अवसरों को उपलब्ध कराना हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य योग्य, रचनाधर्मी, समर्पित और संवेदनशील अध्यापक का विकास हैं, जो विद्यार्थियों को उनके सामाजिक सन्दर्भ के अन्तर्गत समझे और ज्ञान के सह-निर्माण के अवसर उपलब्ध कराएं। इसके साथ शिक्षा से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में शोध के प्रति सचेत करना और शोध कार्य का बीजारोपण करना, शिक्षा के विभिन्न सरोकारों से जुड़े परिप्रेक्ष्यों का विकास करने का प्रयास भी इस विद्यापीठ द्वारा किया जायेगा

2) **उच्च शिक्षा संस्थान के ध्येय एवं प्रयोजन के प्रति कार्यक्रम की प्रासंगिकता(Relevance of the program with HEI's Mission and Goals):**

विश्वविद्यालय के अधिनियम की धारा 4 में उल्लिखित विश्वविद्यालय के उद्देश्यों में बताया गया है किविश्वविद्यालय का उद्देश्य - दूरस्थ शिक्षा पद्धति के माध्यम से हिन्दी को लोकप्रिय बनाना होगा'।

साथ ही धारा 5 के उपबन्ध (5) के अन्तर्गत विश्वविद्यालय को प्रदत्त शक्तियों में यह बताया गया है कि दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से उन व्यक्तियों को जिनके बारे में वह निर्धारित करे, सुविधाएँ प्रदान करना है'|

इस पृष्ठभूमि के आलोक में 15 जून, 2007 को महात्मा गांधी अन्तरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय के दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम का उदघाटन भारत के राष्ट्रपति महामहिम डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम द्वारा किया गया।

विश्वविद्यालय के दूरस्थ शिक्षा केन्द्र का उद्देश्य हिन्दी भाषा के माध्यम से ज्ञान के नवीनतम अनुशासनों की शिक्षा समाज के हर तबके- विशेष तौर पर समाज के हाशिए पर रह रहे शिक्षा से वंचित लोगों तक पहुँचाना है। यह केन्द्र हिन्दी भाषा को आधार बनाकर प्रबन्धन, सूचना प्रौद्योगिकी, अनुवाद आदि अनुशासनों में शिक्षण, मौलिक सोच एवं लेखन को प्रोत्साहित करने हेतु कटिबद्ध है। हिन्दी में मौलिक-वैकल्पिक सोच एवं शोध के लिए प्रतिबद्ध इस विश्वविद्यालय का दूरस्थ शिक्षा केन्द्र यह प्रयास करेगा कि एक ओर दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम शोध/अनुसंधान द्वारा हिन्दी एवं ज्ञान के अनुशासनों में मौलिक सृजन करे, साथ ही, दूसरी ओर हिन्दी भाषा के माध्यम से रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रमों द्वारा समाज की आवश्यकताओं की पूर्ति कर सके। देश में उच्च शिक्षा के लगातार महँगे एवं आमजन की पहुँच से दूर होने के इस दौर में दूरस्थ शिक्षा की भूमिका निर्विवाद एवं महत्वपूर्ण है। अत: यह केन्द्र उन सभी व्यक्तियों के लिए शिक्षा प्राप्ति का एक बेहतर अवसर प्रदान कर सकेगा जो किसी कारण शिक्षा प्राप्त नहीं कर सके। आशा है कि इसी राह पर चलते हुए यह केन्द्र अपने ध्येय 'शिक्षा जन-जन के द्वार' को चरितार्थ कर सकेगा। महात्मा गांधी अन्तरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय का दूरस्थ शिक्षा केन्द्र

वर्तमान शिक्षा व्यवस्था के लिए विकल्प उपस्थित करने, हिन्दी में मौलिक सोच एवं अनुसंधान, समाज के हर तबके विशेष तौर पर शिक्षा से वंचित तबकों के लिए उच्च शिक्षा तक पहुँच आसान बनाने हेतु ज्ञान के नवीनतम अनुशासनों की हिन्दी भाषा के माध्यम से मौलिक प्रस्तुति एवं नवीनतम तकनीकों का प्रयोग करते हुए दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रमों के हिन्दी माध्यम से प्रचार-प्रसार को सुनिश्चित करेगा।

बीएड पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय के इन्हीं उद्देश्यों को ध्यान में रखकर अपने प्रस्तावित किया गया है। एक ओर यह पाठ्यक्रम समाज विज्ञान के एक महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम को हिंदी माध्यम के जरिए अधिक लोगों तक पहुँचने का प्रयास करता है, वहीं दूसरी ओर यह पाठ्यक्रम पेशेवर पाठ्यक्रम होने के कारण रोजगारपरक कौशल भी प्रदान करता है।

3) प्रस्तावित कार्यक्रम के संभावित शिक्षार्थी समूह की प्रकृति(Nature of prospective target group of learners):

इस कार्यक्रम के अतंर्गत निम्नलिखित संभावित शिक्षार्थी समूहों को रेखांकित किया गया है-

- सेवारत शिक्षक जो बी.एड.पूर्व शिक्षक उपाधि के आधार पर कार्यरत हों और बी.एड. की उपाधि प्राप्त करना चाहते हों

4) दूर शिक्षा माध्यम से विशिष्ट कौशल एवं दक्षता प्राप्त करने में प्रस्तावित पाठ्यक्रम की उपयुक्तता (Appropriateness of programme to be conducted in Open and Distance Learning mode to acquire specific skills and competence) :

यह पाठ्यक्रम अपने आप में एक पेशेवर पाठ्यक्रम है अतएव विद्यार्थी इस पाठ्यक्रम को पूर्ण करने के उपरांत निम्नलिखित दक्षता प्राप्त कर सकेंगे –

- भारतीय शिक्षा व्यवस्था के इतिहास एवं वर्तमान के बारे में सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे।
- अध्यापन के सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक प्रयोग करने में सक्षम होंगे।
- विद्यालयों में विद्यालयीन अध्यापन कार्य कर सकेंगे।
- अध्यापन कार्य को रोचक, संवेदनशील एवं साझी प्रक्रिया बना सकेंगे।
- शिक्षक एवं विद्यार्थी सामाजिक समस्याओं के प्रति संवेदनशील हो सकेंगे।
- शिक्षा में प्रौद्योगिकी के उपयोग का सामान्य ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे।
- विभिन्न सरकारी शिक्षण नीतियों का परिचय प्राप्त करने, क्रियान्वयन एवं समीक्षा में सक्षम हो सकेंगे।

5) निर्देशात्मक प्रारूप (Instructional Design) :

दूर शिक्षा प्रणाली में विद्यार्थी के अध्ययन की व्यवस्था परम्परागत विश्वविद्यालयों से भिन्न होती है। यह पद्धति विद्यार्थी केन्द्रित होती है और इसकी सफलता विद्यार्थी के सक्रिय सहयोग और स्वाध्याय से संभव हो पाती है। इसमें संस्थान द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पाठ्यक्रम से संबंधित निर्देश विद्यार्थी तक पहुँचाने हेतु विश्वविद्यालय बहुआयामी पद्धति अपनाता है-

- स्व-निर्देशित ऑनलाइन पाठ्यसामग्री - विद्यार्थियों को विषय से संबंधित ऑनलाइन पाठ्यसामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। पीडीएफ फाइल प्रारूप में यह सामग्री निदेशालय की वेबसाइट पर अपलोड की गई है। इस पाठ्यसामग्री को विद्यार्थी अपने कम्प्यूटर या मोबाइल पर निशुल्क डाउनलोड कर अध्ययन कर सकते हैं।
- ऑनलाइन विडियो सामग्री – ऑनलाइन पाठ्यसामग्री की सहायता के लिए निदेशालय पाठ्यचर्या के लिए ऑनलाइन विडियो की वेबसाइट पर अपलोड कर रहा है। इसे भी विद्यार्थी अपने कम्प्यूटर या मोबाइल पर निशुल्क डाउनलोड कर अध्ययन कर सकते हैं।
- अकादमिक परामर्शदाताओं द्वारा अध्ययन केंद्र में सीधे परामर्श – विद्यार्थी जिस अध्ययन केंद्र में पंजीकृत हैं उन अध्ययन केंद्रों पर अपने अकादमिक परामर्शदाताओं से सम्पर्क कर सकते हैं। अकादमिक परामर्शदाता उन्हें सत्रीय कार्य, परियोजना कार्य,क्षेत्रकार्य आदि से संबंधित जानकारी प्रदान करते हैं।
- परामर्श सत्र – अध्ययन केंद्रों द्वारा विद्यार्थियों की सुविधा के लिए परामर्श सत्रों का आयोजन किया जाता है। इन परामर्श सत्रों का उद्देश्य विद्यार्थियों को पाठ्यसामग्री अध्ययन के पश्चात यदि कोई शीर्षक या अवधारणा समझ में नहीं आती है तो वह उस समस्या का समाधान परामर्शदाता से परामर्श सत्र में प्राप्त करता है।
- अध्ययन केंद्रों पर पुस्तकालय की सुविधा – अध्ययन केंद्रों पर संबंधित पाठ्यक्रम से संबंधित पुस्तकें पुस्तकालय में उपलब्ध होती है। विद्यार्थी अध्ययन केंद्रों पर जाकर इस पुस्तकों की सहायता से विषय की समझ बढ़ा सकता है।

6) प्रवेश, पाठ्यचर्या कार्य सम्पादन एवं मूल्यांकन पद्धति (Procedure for admissions, curriculum transaction and evaluation):

इस पाठ्यक्रम में प्रवेश यूजीसी द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार होगा और न्यूनतम अर्हता स्नातक रखी जाएगी। इस पाठ्यक्रम हेतु प्रस्तावित शुल्क निर्धारण प्रथम वर्ष हेतु 13000/- तथा द्वितीय वर्ष हेतु 12750/- रखा गया है। निदेशालय के अंतर्गत विभिन्न वर्गों के लिए छूट/शुल्क में कटौती और छात्रवृत्ति का भी प्रावधान है जिसका उल्लेख हर वर्ष विवरणिका में किया जाता है। पाठ्यचर्या कार्य सम्पादन के अंतर्गत वेबसाइट पर पूरी पाठ्यचर्या अपलोड की गई है और क्रेडिट विवरण की जानकारी भी उपलब्ध कराई गई है। कुल पूर्णांक में से सत्रांत/वार्षिक परीक्षा के लिए 70% तथा सत्रीय कार्य हेतु 30 % अधिभार निर्धारित है।

7) प्रयोगशाला सहायता एवं पुस्तकालय संसाधन की आवश्यकता (Requirement of the laboratory support and Library Resources):

इस पाठ्यक्रम में प्रयोगशाला की आवश्यकता नहीं है परन्तु पुस्तकालय संसाधन अवश्य उपयोगी है। विद्यार्थी मूल पुस्तकों एवं संदर्भ ग्रंथों का अध्ययन कर विषय का प्रामाणिक ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। निदेशालय में विद्यार्थियों के लिए पुस्तकालय उपलब्ध है। इस पाठ्यक्रम में प्रायोगिक कार्य अनिवार्य है अतएव इन दोनों के लिए परामर्श सत्र आयोजित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त उन्हें विद्यालयों में कक्षाएं भी लेनी होंगी।

8) कार्यक्रम की संभावित लागत एवं प्रावधान(Cost estimate of the programme and the provisions):

बी.एड. पाठ्यक्रम निर्माण का अनुमानित व्यय

क्र.सं.	मद	दर	अनुमानित व्यय	कुल व्यय
1	इकाई लेखन			
	प्रथम वर्ष कुल इकाई – 80	रू. 4,000/- प्रति इकाई	3,20,000/-	4,00,000/-
	द्वितीय वर्ष कुल इकाई – 20	रू. 4,000/- प्रति इकाई	80,000/-	
2	डाक व स्टेशनरी	10,000/-	10,000/-	10,000/-
			कुल	**4,10,000/-**
				(चार लाख दस हजार मात्र)

दूरस्थ शिक्षा परिषद, नई दिल्ली द्वारा पाठ्यक्रम निर्माण हेतु अनुदान दिया जाता है। अनुदान में प्राप्त राशि के प्रयोग से समस्त व्यय को पूरा किया जा सकता है।

9) गुणवत्ता संवर्धन प्रणाली एवं संभावितकार्यक्रम परिणाम (Quality assurance mechanism and expected programme outcomes):

इस पाठ्यक्रम में हर पांच वर्ष में समीक्षा की जाएगी। इस कार्य हेतु निदेशक द्वारा नामित सदस्यों की समिति बनाई जाएगी और पाठ्यक्रम संयोजक सचिव होंगे। इस समीक्षा की रिपोर्ट निदेशकको प्रस्तुत की जाएगी। तदनुसार अध्ययन मंडल में इसे प्रस्तुत किया जाएगा। इसके बाद इकाई लेखन एवं अन्य कार्य संपादित किए जाएंगे।

पाठ्यक्रम का नाम : बी.जे. (पत्रकारिता एवं जनसंचार)

1) कार्यक्रम ध्येय और उद्देश्य (Programmer's mission & objectives)

बी.जे. (पत्रकारिता एवं जनसंचार) पाठ्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य पत्रकारिता के मूलभूत सिद्धान्तों के साथ सभी वर्तमान रूझानों तथा साइबर और इलेक्ट्रॉनिक पत्रकारिता में अद्यतन विकास का प्रशिक्षण देना है। सूचना प्रौद्योगिकी में हो रहे परिर्तनों को ध्यान में रखते हुए पत्रकारों/संचार कर्मियों को उनकी जानकारी देना और संबद्ध अवसरों को परिभाषित करना। रिपोर्ट लेखन/संपादन/प्रोडक्शन एवं वितरण की नई/उभरती हुई तकनीकों की जानकारी देना। सरकारी मीडिया संगठनों और निजी प्रयासों की भूमिका की जानकारी देना।छात्रों को मीडिया की आधुनिकतम तकनीक में प्रशिक्षित करने के साथ ही उन्हें व्यावहारिक क्षेत्र में कुशल बनाना | छात्रों को विषयक्षेत्र की अब तक उपलब्ध आधुनिकतम तकनीक से परिचित कराना | विषय- क्षेत्र में महत्वपूर्ण व्यावहारिक प्रयोजनमूलक ज्ञान प्रदान करना | प्रतिभा संपन्न छात्रों को मीडिया के प्रतिष्ठानों में सेवा के अवसर प्रदान कराना आदि है

2) उच्च शिक्षा संस्थान के ध्येय एवं प्रयोजन के प्रति कार्यक्रम की प्रासंगिकता (Relevance of the program)

विश्वविद्यालय के अधिनियम की धारा 4 में उल्लिखित विश्वविद्यालय के उद्देश्यों में बताया गया है कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य- दूरस्थ शिक्षा पद्धति के माध्यम से हिन्दी को लोकप्रिय बनाना होगा।

साथ ही धारा 5 के उपबन्ध (5) के अन्तर्गत विश्वविद्यालय को प्रदत्त शक्तियों में यह बताया गया है कि दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से उन व्यक्तियों को जिनके बारे में वह निर्धारित करे, सुविधाएँ प्रदान करता है।

इस पृष्ठभूमि के आलोक में 15 जून, 2007 को महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय के दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम का उद्घाटन भारत के राष्ट्रपति महामहिम डॉ. ए.पी.चे. अब्दूल कलाम द्वारा किया गया।

विश्वविद्यालय के दूरस्थ शिक्षा केन्द्र का उद्देश्य हिन्दी भाषा के माध्यम से ज्ञान के नवीनतम अनुशासनों की शिक्षा समाज के हर तबके-विशेष तौर पर समाज के हाशिए पर रह रहे शिक्षा से वंचित लोगों तक पहुँचाना है। यह केन्द्र हिन्दी भाषा को आधार बनाकर प्रबन्धन, सूचना प्रौद्योगिकी, अनुवाद पत्रकारीता आदि अनुशासनों में शिक्षण, मौलिक सोच एवं लेखन को प्रोत्साहित करने हेतु कटिबद्ध है। हिन्दी में मौलिक-वैकल्पिक सोच एवं शोध के लिए प्रतिबद्ध इस विश्वविद्यालय का दूरस्थ शिक्षा केन्द्र यह प्रयास करेगा कि एक ओर दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम शोध/अनुसंधान द्वारा हिन्दी एवं ज्ञान के अनुशासनों में मौलिक सृजन करे, साथ ही, दूसरी ओर हिन्दी भाषा के माध्यम से रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रमों द्वारा समाज की आवश्यकताओं की पूर्ति कर सके। देश में उच्च शिक्षा के लगातार महँगे एवं आमजन की पहुँच से दूर होने के इस दौर में दूरस्थ शिक्षा की भूमिका निर्विवाद एवं महत्वपूर्ण है।

अत: यह केन्द्र उन सभी व्यक्तियों के लिए शिक्षा प्राप्ति का एक बेहतर अवसर प्रदान कर सकेगा जो किसी कारण शिक्षा प्राप्त नहीं कर सके। आशा है कि इसी राह पर चलते हुए यह केन्द्र अपने ध्येय 'शिक्षा जन-जन के द्वार' को चरितार्थ कर सकेगा। महात्मा गांधी अन्तरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय का दूरस्थ शिक्षा केन्द्र वर्तमान शिक्षा व्यवस्था के लिए विकल्प उपस्थित करने, हिन्दी में मोलिक सोच एवं अनुसंधान, समाज के हर तबके विशेष तौर पर शिक्षा से वंचित तबकों के लिए उच्च शिक्षा तक पहुँच आसान बनाने हेतु ज्ञान के नवीनतम अनुशासनों की हिन्दी भाषा के माध्यम से मौलिक प्रस्तुति एवं नवीनतम तकनीकों का प्रयोग करते हुए दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रमों के हिन्दी माध्यम से प्रचार-प्रसार को सुनिश्चित करेगा।

बी.जे. जनसंचार एवं पत्रकारीता पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय के इन्हीं उद्देश्यों ध्यान में रखकर अपने प्रस्तावित किया गया है। एक ओर यह पाठ्यक्रम पत्रकारीता के क्षेत्र में अपना करियर करने वाले छात्रोंओं को अनेक कौशल्य प्राप्त करने में सक्षम होगा।

3) प्रस्तावित कार्यक्रम के संभावित शिक्षार्थी समूह की प्रकृति (Nature of prospective target group of learners)

पाठ्यक्रम निम्नलिखित शिक्षार्थी समूहों को दृष्टि में रखकर विकसित किया गया है –

1. किसी भी शाखा से स्नातक उत्तीर्ण विद्यार्थी।
2. समाचार पत्र, पत्रिकाओं, रेडिओ, दूरदर्शन आदि संगठनों में कार्यरत पत्रकार।
3. स्वतंत्र पत्रकार।
4. मीडिया में कार्य करने के इच्छूक सभी शिक्षित जन।

4) दूर शिक्षा माध्यम से विशिष्ट कौशल एवं दक्षता प्राप्त करने में प्रस्तावित पाठ्यक्रम की उपयुक्तता (Appropriateness of programme to be conducted in Open and Distance Learning mode to acquire specific skills and competence)

पाठ्यक्रम को पूर्ण करने के उपरान्त विद्यार्थी निम्नलिखित दक्षताएँ प्राप्त कर सकेंगे –

1. जनसंचार माध्यमों के इतिहास को जान सकेंगे।
2. मीडिया संस्थान के संगठनात्मक ढाँचे को जान सकेंगे।
3. मीडिया कानून को विस्तार से समझ सकेंगे।
4. संचार के सिद्धातों एवं प्रक्रिया को जान सकेंगे।
5. विकासात्मक संचार की अवधारणा को जान सकेंगे।
6. मीडिया लेखन के सभी बिदुओं को लिखने में सक्षम होंगे।

7. जनसंपर्क की अवधारणा, स्वरूप एवं सिद्धांतों का ग्रहन अध्ययन करेंगे
8. विज्ञापन की अवधारणा स्वरूप एवं व्यावहारिक पक्ष की जानकारी प्राप्त करेंगे।
9. संपादन कला में दक्षता प्राप्त करेंगे।
10. मीडिया में संगणक की उपयोगिता जान सकेंगे।
11. साइबर मीडिया की अवधारणा एवं स्वरूप को जान सकेंगे।

5) निर्देशात्मक प्रारूप

(Instructional Design)

1. **प्रकाशित सामग्री -** निदेशालय प्रवेशित छात्रों को प्रकाशित सामग्री उपलब्ध करता है। इस पाठ्यक्रम की कुल 7 पुस्तकें है। पाठ्यचर्या के अनिवार्य हिस्से के रूप में छात्रों को एक लघु परियोजना कार्य करना होता है। यह लघु परियोजना कार्य सैद्धांतिक या प्रयोगात्मक दानों रूपों में हो सकता है। विद्यार्थी अपने अनुसार विषय एवं संगठन का चुनाव कर सकता है। इसे करने के लिए एक परियोजना मार्गदर्शिका तैयार की गई है। जो दूर शिक्षा निदेशालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।
2. **परामर्श सत्र –** दूर शिक्षा निदेशालय द्वारा मान्यता प्राप्त अध्ययन केंद्र में प्रवेशित विद्यार्थियों को संबंधित अध्ययन केंद्रो पर विषय विशेषज्ञों द्वारा तथा अकादमिक परामर्शदाताओं द्वारा विषय को समझाया जाता है। इस हेतु छात्रों की शनिवार रविवार को कक्षाएँ लगती हैं। या छात्रों के मन में पाठ्यचर्या संबंधी कोई सवाल होतो उसे की संवादात्मक माध्यम से समझाया जाता है।
3. **ऑनलाइन पाठ्सामग्री -** विषय से संबंधित ऑनलाईन पाठ्यसामग्री जिन वेबसाइटों, ब्लागों या ॲप पर उपलब्ध है उसकी जानकारी छात्रों को मेल, एस.एम.एस, टेलीफोन आदि माध्यमों से देने का प्रयास किया जाता हैं।
4. **ऑन लाईन ऑडियो, विडियो सामग्री-** विषय से संबंधित ऑनलाइन विडियो को दूर शिक्षा निदेशालय की वेबसाइट पर तैयार कर डाला जा रहा है तथा इस विषय से संबंधित अन्य संस्थानों द्वारा तैयार और मुक्त डाऊनलोड करने योग्य ऑडियो, विडियों की जानकारी छात्रों को दि जाती है।
5. **अध्ययन केंद्र के संयोजकों द्वारा मार्गदर्शन-** अध्ययन केंद्र पर प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए अध्ययन केंद्र संयोजक छात्रों को सभी प्रकार की मदद एवं जानकारी देते है। जैसे सत्रीय कार्य, परियोजना कार्य, परीक्षा का स्वरूप, उत्तर लिखने का सही तरिका आदि।
6. **परियोजना कार्य हेतु कार्यशाला का अयोजन-** पाठ्यचर्या के अनिवार्य हिस्से के रूप में रखे गये परियोजना कार्य को कैसे पूर्ण करना है इसके मार्गदर्शन के लिए 1 से 6 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाता है। जिसमें उन्हें परियोजना कार्य करने के लिए लघु शोध प्रस्ताव कैसे तयार करना हैं। शोध प्रश्न क्या है? शोध प्रविधि क्या है? आदि का मार्गदर्शन किया जाता है। यह आयोजन मुख्यालय तथा अध्ययन केंद्र पर किया जाता है।
7. **अध्ययन केंद्र एवं मुख्यालय पर पुस्तकालय की सुविधा -** प्रत्येक अध्ययन केंद्र पर छात्रों के लिए अतिरिक्त अध्ययन हेतु पुस्तकालय की सुविधा उपलब्ध है। मुख्यालय वर्धा पर केंद्रीय पुस्तकालय में विषय से संबंधित पर्याप्त पुस्तकें तथा विभागीय पुस्तकालय में महत्वपूर्ण पुस्तकें उपलब्ध है। छात्र पुस्तकालय में बैठकर भी अध्ययन करते हैं।

6) प्रवेश, पाठ्यचर्या कार्य सम्पादन एवं मूल्यांकन पद्धति (Procedure for admissions, curriculum transaction and evaluation)

प्रवेश, पाठ्यचर्या कार्य सम्पादन - इस पाठ्यक्रम में यूसीसी के नियमानुसार ऑफलाईन और ऑन लाईन प्रवेश फार्म भरने की सुविधा है। प्रवेश हेतु आवेदन करने के लिए न्यूनतम अर्हता स्नातक है। निदेशालय द्वारा प्रत्येक सत्र के लिए विवरणिका प्रकाशित की जाती है विवरणिका में लिखित नियमों, उपनियमों के अंर्तगत छात्र का प्रवेश निश्चित होता है।

इस पाठ्यक्रम की सम्पूर्ण पाठ्यचर्या इकाईवार वेबसाइट पर अपलोड की गई है। पाठ्यक्रम में कुल 07 प्रश्न पत्र हैं जैसे - 1. कम्प्यूटर एप्लीकेशन एवं साइब्र मीडिया 2. संचार एवं विकासात्मक संचार 3. जनसंचार माध्यमों का इतिहास 4. मीडिया लेखन 5. जनसंपर्क एवं विज्ञापन 6. संपादन पृष्ठ सज्जा एवं मुद्रण 7. मीडिया संस्थान प्रबंधन एवं मीडिया कानून। इसकेअलावा छात्रों को एक लघु शोध परियोजना कार्य भी पूर्ण करना है। जो एक पेपर के बराबर है। छात्रों के शैक्षिक गुणवत्ता का अध्ययन वार्षिक परीक्षा तथा सत्रीय कार्य, परियोजना कार्य के आधार पर किया जा रहा है। वार्षिक परीक्षा के लिए अधिभार 70% तथा सत्रीय कार्य के लिए 30% है।

7) प्रयोगशाला सहायता एवं पुस्तकालय संसाधन की आवश्यकता :

(Requirement of the laboratory support and Library Resources)

इस पाठ्यक्रम में प्रयोगशाला की आवश्यकता नहीं है। पुस्तकालय की आवश्यकता है। विद्यार्थी को पाठ्यसामग्री के अलावा विषय से संबंधित पुस्तकें तथा संदर्भ ग्रंथ पुस्तकालय में उपलब्ध होने से।

8) कार्यक्रम की संभावित लागत एवं प्रावधान:

(Cost estimate of the programme and the provisions)

बी.जे (जनसंचार एवं पत्रकारीता) पाठ्यक्रम निर्माण का अनुमान व्यय

क्र. स.	मद	दर	अनुमानित व्यय	कुल व्यय
1	इकाई लेखन का कार्य 1 वर्षीय पाठ्यक्रम कुल इकाईयाँ 100	4,000 प्रति इकाई	4,00,000	100/- ×4,000/- = 4,00,000

2	संपादन कार्य कार्यशाला व्यय 1. मानदेय – 3 विशेषज्ञ 3 दिन 2. यात्राभत्ता एवं अन्य व्यय	1000 प्रति दिन प्रति विशेषज्ञ 10,000 प्रति विशेषज्ञ प्रति दिन अन्य खर्च	3000×3=9000/- 30,000 20,000	59,000/-
3	प्रकाशन खर्च कुल 07 पुस्तके एक पुस्तक का खर्च 100	100×7=700×500 /-	= 3,50,000	= 3,50,000
4	डाक खर्च प्रति छात्र	250/-	100×250 = 25000/-	= 25,000/-
=8,34,000 (आठ लाख चौतीस हजार)				

दूरस्थ शिक्षा ब्यूरो नई दिल्ली द्वारा पाठ्यक्रम निर्माण हेतु विश्वविद्यालय/दूरस्थ शिक्षा संस्थानों को अनुदान दिया जाता है।

9) गुणवत्ता संवर्धन प्रणाली एवं संभावित कार्यक्रम परिणाम :

(Quality assurance mechanism and expected programme outcomes)

दूरस्थ शिक्षा ब्यूरो के नियमानुसार पाठ्यक्रम की पाठ्यचर्या की समीक्षा की जाएगी। पत्रकारीता में आये नए बदलावों के सदर्भ में आवश्यक घटकों को पाठ्यचर्या में सम्मिलित किया जाएगा। पाठ्यक्रम के संदर्भ में छात्रों से सुझाव प्राप्त किये जाएगें और उसे पाठ्यचर्या का हिसा बनाया जाएगा। पाठ्यक्रम को प्रयोगात्मक बनाने के लिए विविध मीडिया संगठनों के साथ मिलकर कार्य योजना तैयार की जाएगी।

पाठ्यक्रम का नाम : एम.ए. हिन्दी पाठ्यक्रम

1) कार्यक्रम ध्येय और उद्देश्य (Programme's mission & objectives)

एम.ए. हिन्दी पाठ्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों में हिन्दी साहित्य और भाषा के अध्ययन तथा विवेचन-विश्लेषण की प्रवृत्ति विकसित करना एवं विद्यार्थियों में साहित्यिक अनुसंधान के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न कर उन्हें शोधपरक अध्ययन की ओर उन्मुख करना भी इस कार्यक्रम का अन्तर्निहित लक्ष्य है।

2) उच्च शिक्षा संस्थान के ध्येय एवं प्रयोजन के प्रति कार्यक्रम की प्रासंगिकता (Relevance of the program)

80 क्रेडिट का यह पाठ्यक्रम सेमेस्टर पद्धति पर आधारित एवं स्वेच्छाधारित क्रेडिट प्रणाली के अनुरूप निर्मित है। हिन्दी भाषा एवं साहित्य की परम्परागत पाठ्यचर्याओं के साथ ही यह पाठ्यक्रम 'प्रयोजनमूलक हिन्दी', 'हिन्दी पत्रकारिता', 'हिन्दी भाषा एवं भाषा-शिक्षण' तथा 'सृजनात्मक लेखन' जैसी रोजगारोन्मुखी पाठ्यचर्याओं के अध्ययन का अवसर सुलभ कराता है तथा 'पाठालोचन' जैसी महत्त्वपूर्ण परन्तु दुर्लभ पाठ्यचर्या के अध्ययन का अवसर भी प्रदान करता है। यह पाठ्यक्रम इस दृष्टि से भी महत्त्वपूर्ण है कि इसमें 'तुलनात्मक भारतीय साहित्य' एवं 'नव सामाजिक विमर्श' के साथ ही 'हिन्दी अनुप्रयोग : तकनीकी संसाधन एवं उपकरण' जैसी अत्यंत आवश्यक एवं प्रासंगिक पाठ्यचर्याओं का भी समावेश किया गया है।

3) प्रस्तावित कार्यक्रम के संभावित शिक्षार्थी समूह की प्रकृति (Nature of prospective target group of learners)

एम.ए. हिन्दी पाठ्यक्रम निम्नलिखित शिक्षार्थी समूहों को दृष्टि में रखकर विकसित किया गया है –

01. दैनिक कार्य को बाधित किए बिना अपने अनुकूल समय में अध्ययन कर हिन्दी में उच्च शिक्षा-प्राप्ति के इच्छुक सभी वयस्क, घरेलू महिलाएँ, खेतिहर और औद्योगिक मजदूर तथा कामकाजी व्यक्ति-समूह।
02. शारीरिक अक्षमता के कारण संस्थान में उपस्थित होकर हिन्दी में उच्च शिक्षा अध्ययन करने से वंचित दिव्यांगजन समूह।
03. हिन्दी में उच्च शिक्षा-प्राप्ति के अभिलाषी दूरस्थ, मरुस्थलीय, वन्य एवं पर्वतीय क्षेत्रों के निवासी एवं आदिवासी जन समूह।

04. भारत के अहिन्दीभाषी क्षेत्रों के निवासी जो अपने क्षेत्र में ही रहकर हिन्दी में उच्च शिक्षा-प्राप्त करना चाहते हैं।

05. भारतेतर राष्ट्रों के निवासी जो अपने देश में ही रहकर हिन्दी में उच्च शिक्षा-प्राप्त करना चाहते हैं।

4) दूरशिक्षा माध्यम से विशिष्ट कौशल एवं दक्षता प्राप्त करने में प्रस्तावित पाठ्यक्रम की उपयुक्तता (Appropriateness of programme to be conducted in Open and Distance Learning mode to acquire specific skills and competence)

एम.ए. हिन्दी पाठ्यक्रम को पूर्ण करने के उपरान्त विद्यार्थी निम्नलिखित दक्षताएँ प्राप्त कर सकेंगे –

01. हिन्दी साहित्य के क्रमिक विकास के प्रति अपनी समझ विकसित कर सकेंगे।

02. हिन्दी भाषा एवं नागरी लिपि की आधारभूत संरचना को आत्मसात कर पाएँगे।

03. भारतीय और पाश्चात्य काव्यशास्त्रीय परम्परा एवं आलोचना सिद्धान्तों से परिचित हो सकेंगे।

04. प्रयोजनमूलक हिंदी के भाषिक-स्वरूप तत्त्वों की व्याख्या तथा जीवन के व्यावहारिक क्षेत्रों में उनके प्रयोग की दिशा के साथ ही 21वीं सदी में वैश्विक-ग्राम के संदर्भों में प्रयोजनमूलक हिंदी के व्यावहारिक महत्व की चर्चा कर पाएँगे।

05. लोकसाहित्य के पुरातन परम्परा-स्रोत को जान एवं समझ सकेंगे।

06. हिन्दी नाटक की संवेदना, शिल्प तथा रंगमंचीयता से भलीभाँति परिचित हो सकेंगे।

07. हिन्दी पत्रकारिता के स्वरूप, स्थिति और महत्त्व की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

08. प्राचीन दुर्लभ पाण्डुलिपियों का सही एवं उचित पाठ निर्धारण करने में सक्षम हो सकेंगे।

09. हिन्दी भाषा शिक्षण की कला एवं प्रकृति सीख सकेंगे।

10. सृजनात्मक लेखन की बारीकियाँ समझ कर नवाचार लेखन में प्रवृत्त हो सकेंगे।

11. प्रौद्योगिकी और तकनीकी के क्षेत्र में हिन्दी की अधुनातन शैली तथा उसके सम्पादन कार्य को समझ सकेंगे।

12. हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं में विरचित साहित्य के अन्तःसम्बन्ध से परिचित हो सकेंगे।

13. हिन्दी की विविध विधाओं एवं उनमें रचित साहित्य से परिचित हो सकेंगे।

14. समकालीन विमर्शों की सैद्धांतिकी एवं विचारधारा को समझ सकेंगे।

15. हिन्दी के कालजयी रचनाकारों के रचना कर्म का विश्लेषण करने में सक्षम हो सकेंगे।

16. हिन्दी की समवेत संस्कृति की स्थापना, विस्तार एवं प्रचार-प्रसार में सहायक विभिन्न प्रचार संस्थाओं/नाट्य-संस्थाओं, पत्र-पत्रिकाओं, साहित्यिक आन्दोलनों, पुस्तकालयों, साहित्यिक केन्द्रों तथा साहित्यिक कृतियों पर बनने वाले सिनेमा और टेलीविजन धारावाहिकों, प्रकाशकों आदि के विशेष योगदान को निरूपित करने वाली हिन्दी की विस्तृत संस्कृति से भली-भाँति परिचित हो सकेंगे।

5) निर्देशात्मक प्रारूप

(Instructional Design)

- **स्व-निर्देशित ऑनलाइन पाठ्यसामग्री –**

एम.ए. हिन्दी पाठ्यक्रम हेतु निर्धारित पाठ्यचर्याओं की पाठ्यसामग्री वेबसाइट पर ऑनलाइन प्रसारित की जाती है। इस पाठ्यक्रम की अद्यतन 11 पाठ्यचर्याओं की पाठ्यसामग्री ऑनलाइन प्रकाशित की जा चुकी है जबकि शेष 11 पाठ्यचर्याओं की पाठ्यसामग्री निर्माणाधीन है जो यथाशीघ्र ऑनलाइन प्रकाशित की जाएगी। सम्बन्धित लिंक निम्नलिखित है –

http://hindivishwa.org/distance/contentdtl.aspx?category=3&cgid=77&csgid=65

क्र. सं.	सेमेस्टर	पाठ्यचर्या	अनिवार्य / वैकल्पिक	पाठ्यचर्या कोड	पाठ्यचर्या का शीर्षक	क्रेडिट	प्रकाशन स्थिति
01	प्रथम	प्रथम	अनिवार्य	MAHD – 01	प्रारम्भिक हिन्दी काव्य	04	प्रकाशित
02	प्रथम	द्वितीय	अनिवार्य	MAHD – 02	हिन्दी उपन्यास एवं कहानी	04	प्रकाशित
03	प्रथम	तृतीय	अनिवार्य	MAHD – 03	भारतीय काव्यशास्त्र	04	प्रकाशित
04	प्रथम	चतुर्थ	अनिवार्य	MAHD – 04	हिन्दी साहित्य का इतिहास – 1	04	प्रकाशित
05	प्रथम	पंचम	वैकल्पिक	MAHD – 05	प्रयोजनमूलक हिन्दी	04	प्रकाशित
06	प्रथम	पंचम	वैकल्पिक	MAHD – 06	लोक-साहित्य	04	प्रकाशित
07	द्वितीय	प्रथम	अनिवार्य	MAHD – 07	मध्यकालीन हिन्दी काव्य	04	प्रकाशित
08	द्वितीय	द्वितीय	अनिवार्य	MAHD – 08	हिन्दी नाटक एवं रंगमंच	04	प्रकाशित
09	द्वितीय	तृतीय	अनिवार्य	MAHD – 09	पाश्चात्य काव्यशास्त्र	04	प्रकाशित
10	द्वितीय	चतुर्थ	अनिवार्य	MAHD – 10	हिन्दी साहित्य का इतिहास – 2	04	प्रकाशित
11	द्वितीय	पंचम	वैकल्पिक	MAHD – 11	हिन्दी पत्रकारिता	04	प्रकाशित
12	द्वितीय	पंचम	वैकल्पिक	MAHD – 12	पाठालोचन	04	शीघ्र प्रकाश्य
13	तृतीय	प्रथम	अनिवार्य	MAHD – 13	आधुनिककालीन हिन्दी काव्य	04	शीघ्र प्रकाश्य
14	तृतीय	द्वितीय	अनिवार्य	MAHD – 14	हिन्दी आलोचना	04	शीघ्र प्रकाश्य
15	तृतीय	तृतीय	अनिवार्य	MAHD – 15	हिन्दी भाषा का विकास एवं नागरी लिपि	04	शीघ्र प्रकाश्य

16	तृतीय	चतुर्थ	अनिवार्य	MAHD – 16	तुलनात्मक भारतीय साहित्य	04	शीघ्र प्रकाश्य
17	तृतीय	पंचम	वैकल्पिक	MAHD – 17	हिन्दी भाषा एवं भाषा-शिक्षण	04	शीघ्र प्रकाश्य
18	तृतीय	पंचम	वैकल्पिक	MAHD – 18	सृजनात्मक लेखन	04	शीघ्र प्रकाश्य
19	चतुर्थ	प्रथम	अनिवार्य	MAHD – 19	हिन्दी अनुप्रयोग : तकनीकी संसाधन एवं उपकरण	04	शीघ्र प्रकाश्य
20	चतुर्थ	द्वितीय	अनिवार्य	MAHD – 20	हिन्दी के विविध गद्य-रूप	04	शीघ्र प्रकाश्य
21	चतुर्थ	तृतीय	अनिवार्य	MAHD – 21	भाषाविज्ञान	04	शीघ्र प्रकाश्य
22	चतुर्थ	चतुर्थ	अनिवार्य	MAHD – 22	नव सामाजिक विमर्श	04	शीघ्र प्रकाश्य
23	चतुर्थ	पंचम	वैकल्पिक	MAHD – 23	परियोजना कार्य : रचनाकार का विशेष अध्ययन	04	प्रकाशित
24	चतुर्थ	पंचम	वैकल्पिक	MAHD – 24	परियोजना कार्य : हिन्दी की संस्कृति का विशेष अध्ययन	04	प्रकाशित

- **ऑनलाइन विडियो सामग्री –**

  एम.ए. हिन्दी पाठ्यक्रम की सभी पाठ्यचर्याओं की पाठ्यसामग्री की वीडियो सामग्री / उपयोगी इंटरनेट स्रोत विद्यार्थियों को सुलभ कराए गए हैं –

  http://epgp.inflibnet.ac.in/ahl.php?csrno=18
  http://www.hindisamay.com/
  http://hindinest.com/
  http://www.dli.ernet.in/
  http://www.archive.org
  http://www.britannica.com/art/Romanticism
  http://www.britannica.com/topic/Marxism
  https://plato.stanford.rdu/archieves/fall2016/entries/aesthetics-19th-romantic/
  http://plato.stanford.edu/archives/spr2016/entries/existentialism/
  http://www.marxists.org/subject/art/lit_crit/
  http://www.marxist.org.reference/subject/philosophy/works/fr/derrida/htm
  http://www.iep.utm.edu/existent/
  http://www.iep.utmedu/deconst/&grqid=pDsjcmze&hl=en-IN

- **अकादमिक परामर्शदाताओं द्वारा अध्ययन केंद्र में सीधे परामर्श –**

  अध्ययन केन्द्रों द्वारा विद्यार्थियों को अकादमिक परामर्शदाता / विषय विशेषज्ञ का मार्गदर्शन सुलभ कराया जाता है।

- परामर्श सत्र – अध्ययन केंद्रों द्वारा विद्यार्थियों की सुविधा के लिए परामर्श सत्रों का आयोजन किया जाता है। इन परामर्श सत्रों का उद्देश्य विद्यार्थियों को पाठ्यसामग्री अध्ययन के पश्चात यदि कोई शीर्षक या अवधारणा समझ में नहीं आती है तो वह उस समस्या का समाधान परामर्शदाता से परामर्श सत्र में प्राप्त करता है।

- अध्ययन केंद्रों पर पुस्तकालय की सुविधा – अध्ययन केंद्रों पर संबंधित पाठ्यक्रम से संबंधित पुस्तकें पुस्तकालय में उपलब्ध होती है। विद्यार्थी अध्ययन केंद्रों पर जाकर इस पुस्तकों की सहायता से विषय की समझ बढ़ा सकता है।

6) प्रवेश, पाठ्यचर्या कार्य सम्पादन एवं मूल्यांकन पद्धति (Procedure for admissions, curriculum transaction and evaluation)

प्रवेश प्रक्रिया :

एम. ए. हिन्दी पाठ्यक्रम में स्नातक या समकक्ष उपाधि उत्तीर्ण विद्यार्थी प्रवेश हेतु पात्रता रखते हैं । विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत न्यूनतम अर्हता प्राप्त विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया जाता है।

पाठ्यचर्या सम्पादन कार्य :

एम. ए. हिन्दी पाठ्यक्रम की पाठ्यसामग्री सम्पादन हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा विषय-विशेषज्ञ विद्वज्जनों को नामित कर सम्पादक मण्डल का गठन किया गया है जिनके संपादकत्व में पाठ्यचर्या सम्पादन कार्य सम्पन्न किया जाता है। गठित सम्पादक मण्डल का विवरण इस प्रकार है –

प्रधान सम्पादक :

प्रो० गिरीश्वर मिश्र, कुलपति, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

सम्पादक :

प्रो० अरबिन्द कुमार झा, निदेशक, दूर शिक्षा निदेशालय, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

पुरन्दरदास, अनुसंधान अधिकारी एवं पाठ्यक्रम संयोजक : एम. ए. हिन्दी पाठ्यक्रम, दूर शिक्षा निदेशालय, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

सम्पादक मण्डल :

प्रो० आनन्दवर्धन शर्मा, सम कुलपति, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

प्रो० कृष्णकुमार सिंह, विभागाध्यक्ष, हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग एवं अधिष्ठाता, साहित्य विद्यापीठ, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

प्रो० अरुण कुमार त्रिपाठी, प्रोफेसर एडजंक्ट, जनसंचार विभाग, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

प्रकाशक :

कुलसचिव, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा, पोस्ट : हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा, महाराष्ट्र, पिन कोड : 442001

मूल्यांकनपद्धति :

यह द्विवर्षीय पाठ्यक्रम कुल 04 सेमेस्टर में विभक्त है। प्रत्येक सेमेस्टर में 05 पाठ्यचर्याएँ निर्धारित हैं जिनमें प्रथम 04 पाठ्यचर्याएँ अनिवार्य हैं जबकि पंचम पाठ्यचर्या वैकल्पिक है। विद्यार्थी को निर्धारित 02 विकल्पों में से किसी 01 विकल्प का चयन पंचम पाठ्यचर्या के रूप में करना होता है। प्रति पाठ्यचर्या अधिकतम 04 क्रेडिट निर्धारित हैं। इस प्रकार प्रति सेमेस्टर अधिकतम 20 क्रेडिट (4 x 5 = 20) तथा सम्पूर्ण पाठ्यक्रम के लिए अधिकतम 80 क्रेडिट (4 x 20 = 80) निर्धारित हैं। पाठ्यक्रम के चतुर्थ सेमेस्टर की परियोजना कार्य पर आधारित पंचम पाठ्यचर्या का मूल्यांकन आतंरिक मूल्यांकन पद्धति द्वारा किया जाता है। शेष उन्नीस (19) पाठ्यचर्याओं में प्रत्येक पाठ्यचर्या का मूल्यांकन सत्रीय कार्य तथा सत्रांत परीक्षा द्वारा क्रमश: 30 : 70 के अनुपातानुसार किया जाता है। इनमें सत्रीय कार्य का मूल्यांकन आतंरिक मूल्यांकन पद्धति द्वारा किया जाता है।

पाठ्यचर्या —> **सेमेस्टर ¬**	**प्रथम पाठ्यचर्या (अनिवार्य)**	**द्वितीय पाठ्यचर्या (अनिवार्य)**	**तृतीय पाठ्यचर्या (अनिवार्य)**	**चतुर्थ पाठ्यचर्या (अनिवार्य)**	**पंचम पाठ्यचर्या (वैकल्पिक)**
प्रथम सेमेस्टर	प्रारम्भिक हिन्दी काव्य	हिन्दी उपन्यास एवं कहानी	भारतीय काव्यशास्त्र	हिन्दी साहित्य का इतिहास - 1	**विकल्प 1 –** प्रयोजनमूलक हिन्दी **विकल्प 2 –** लोकसाहित्य

द्वितीय सेमेस्टर	मध्यकालीन हिन्दी काव्य	हिन्दी नाटक एवं रंगमंच	पाश्चात्य काव्यशास्त्र	हिन्दी साहित्य का इतिहास - 2	**विकल्प 1** – हिन्दी पत्रकारिता **विकल्प 2 –** पाठालोचन
तृतीय सेमेस्टर	आधुनिककालीन हिन्दी काव्य	हिन्दी आलोचना	हिन्दी भाषा का विकास एवं नागरी लिपि	तुलनात्मक भारतीय साहित्य	**विकल्प 1 –** हिन्दी भाषा एवं भाषा-शिक्षण **विकल्प 2 –** सृजनात्मक लेखन
चतुर्थ सेमेस्टर	हिन्दी अनुप्रयोग : तकनीकी संसाधन एवं उपकरण	हिन्दी के विविध गद्य-रूप	भाषाविज्ञान	नव सामाजिक विमर्श	**विकल्प 1 – परियोजना कार्य :** रचनाकार का विशेष अध्ययन **विकल्प 2 – परियोजना कार्य :** हिन्दी की संस्कृति का विशेष अध्ययन

7) प्रयोगशाला सहायता एवं पुस्तकालय संसाधन की आवश्यकता :

(Requirement of the laboratory support and Library Resources)

इस पाठ्यक्रम में प्रयोगशाला की आवश्यकता नहीं है परन्तु पुस्तकालय संसाधन अवश्य उपयोगी है। विद्यार्थी मूल पुस्तकों एवं संदर्भ ग्रंथों का अध्ययन कर विषय का प्रामाणिक ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। निदेशालय एवं अधिगम केन्द्रो में विद्यार्थियों के लिए पुस्तकालय उपलब्ध है। इस पाठ्यक्रम में क्षेत्रकार्य एवं परियोजना कार्य अनिवार्य है अतएव इन दोनों के लिए परामर्श सत्र आयोजित किए जाएंगे।

8) कार्यक्रम की संभावित लागत एवं प्रावधान :

(Cost estimate of the programme and the provisions)

एम. ए. हिन्दी पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर हेतु 107, द्वितीय सेमेस्टर हेतु 122, तृतीय सेमेस्टर हेतु 113 तथा चतुर्थ सेमेस्टर हेतु 72 इकाइयाँ निर्धारित की गई हैं । इस प्रकार सम्पूर्ण पाठ्यक्रम हेतु कुल 414 इकाइयाँ निर्धारित हैं । सम्पादक मण्डल की अनुशंसा -उपरान्त विश्वविद्यालय के नियमानुसार पाठ-लेखन हेतु रुपये चार हजार (4000/-) मात्र प्रति इकाई मानदेय देय है । इस प्रकार सम्पूर्ण पाठ्यक्रम की पाठ्यसामग्री के निर्माण हेतु कुल रुपये सोलह लाख छप्पन हजार (16,56000/-) मात्र व्यय किए जाने की योजना है। भविष्य में उक्त समस्त 414 पाठों का वीडियो बनाकर उन्हें विद्यार्थियों की सुविधार्थ ऑनलाइन प्रसारित किया जा सकता है ।

सम्पूर्ण पाठ्यक्रम की पाठ्यसामग्री निर्माण में व्यय योग्य मानदेय राशि

क्र. सं.	सेमेस्टर	कुल इकाइयाँ	प्रति इकाई देय मानदेय राशि	कुल मानदेय राशि

01.	प्रथम सेमेस्टर	107	4000 /-	428000 /-
02.	द्वितीय सेमेस्टर	122	4000 /-	488000 /-
03.	तृतीय सेमेस्टर	113	4000 /-	452000 /-
04.	चतुर्थ सेमेस्टर	72	4000 /-	288000 /-
सम्पूर्ण पाठ्यक्रम		414	4000 /-	1656000 /-

प्रथम सेमेस्टर की पाठ्यसामग्री निर्माण में व्यय योग्य मानदेय राशि

क्र. सं.	पाठ्यचर्या का शीर्षक	कुल इकाइयाँ	प्रति इकाई देय मानदेय राशि	कुल मानदेय राशि
01	प्रारम्भिक हिन्दी काव्य	14	4000 /-	56000 /-
02	हिन्दी उपन्यास एवं कहानी	23	4000 /-	92000 /-
03	भारतीय काव्यशास्त्र	18	4000 /-	72000 /-
04	हिन्दी साहित्य का इतिहास – 1	21	4000 /-	84000 /-
05	प्रयोजनमूलक हिन्दी	17	4000 /-	68000 /-
06	लोक-साहित्य	14	4000 /-	56000 /-
प्रथम सेमेस्टर		107	4000 /-	428000 /-

द्वितीय सेमेस्टर की पाठ्यसामग्री निर्माण में व्यय योग्य मानदेय राशि

क्र. सं.	पाठ्यचर्या का शीर्षक	कुल इकाइयाँ	प्रति इकाई देय मानदेय राशि	कुल मानदेय राशि
01	मध्यकालीन हिन्दी काव्य	20	4000 /-	80000 /-

02	हिन्दी नाटक एवं रंगमंच	22	4000 /-	88000 /-
03	पाश्चात्य काव्यशास्त्र	17	4000 /-	68000 /-
04	हिन्दी साहित्य का इतिहास – 2	22	4000 /-	88000 /-
05	हिन्दी पत्रकारिता	18	4000 /-	72000 /-
06	पाठालोचन	23	4000 /-	92000 /-
द्वितीय सेमेस्टर		122	4000 /-	488000 /-

तृतीय सेमेस्टर की पाठ्यसामग्री निर्माण में व्यय योग्य मानदेय राशि

क्र. सं.	पाठ्यचर्या का शीर्षक	कुल इकाइयाँ	प्रति इकाई देय मानदेय राशि	कुल मानदेय राशि
01	आधुनिककालीन हिन्दी काव्य	24	4000 /-	96000 /-
02	हिन्दी आलोचना	20	4000 /-	80000 /-
03	हिन्दी भाषा का विकास एवं नागरी लिपि	21	4000 /-	84000 /-
04	तुलनात्मक भारतीय साहित्य	16	4000 /-	64000 /-

05	हिन्दी भाषा एवं भाषा-शिक्षण	16	4000 /-	64000 /-
06	सृजनात्मक लेखन	16	4000 /-	64000 /-
तृतीय सेमेस्टर		113	4000 /-	452000 /-

चतुर्थ सेमेस्टर की पाठ्यसामग्री निर्माण में व्यय योग्य मानदेय राशि

क्र. सं.	पाठ्यचर्या का शीर्षक	कुल इकाइयाँ	प्रति इकाई देय मानदेय राशि	कुल मानदेय राशि
01	हिन्दी अनुप्रयोग : तकनीकी संसाधन एवं उपकरण	16	4000 /-	64000 /-
02	हिन्दी के विविध गद्य-रूप	16	4000 /-	64000 /-
03	भाषाविज्ञान	24	4000 /-	96000 /-
04	नव सामाजिक विमर्श	16	4000 /-	64000 /-
चतुर्थ सेमेस्टर		72	4000 /-	288000 /-

9) गुणवत्ता संवर्धन प्रणाली एवं संभावित कार्यक्रम परिणाम :

(Quality assurance mechanism and expected programme outcomes)

प्रस्तुत एम.ए. हिन्दी पाठ्यक्रम में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा समय-समय पर जारी पाठ्यक्रम निर्माण सम्बन्धी समस्त नियमों की सम्यक् अनुपालना की गई है। 80 क्रेडिट का यह पाठ्यक्रम सेमेस्टर पद्धति पर

आधारित है जिसे स्वेच्छाधारित क्रेडिट प्रणाली के अनुरूप निर्मित किया गया है। हिन्दी साहित्य और भाषा के अध्ययन में विद्यार्थियों की अभिरुचि विकसित करने वाला यह पाठ्यक्रम उनकी साहित्यिक विवेचनात्मक-विश्लेषणात्मक सामर्थ्य-कौशल में अभिवृद्धि करने में भी सहायक है । इस पाठ्यक्रम में विभिन्न रोजगारोन्मुखी पाठ्यचर्याओं का समावेश किया गया है जिनका सम्यक् अध्ययन कर एम. ए. हिन्दी उत्तीर्ण विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में अपना कौशल सिद्ध कर सकेंगे।

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(A Central University Established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

कार्यक्रम परियोजना रिपोर्ट (एम.ए. इतिहास)

(Programme Project Report M.A. History)

दूर शिक्षा निदेशालय

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

पोस्ट – हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा – 442001 (महाराष्ट्र)

1) कार्यक्रम का ध्येय और उद्देश्य (Programme's mission & objectives) :

एम.ए. इतिहास का यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों में ऐतिहासिक चेतना का निर्माण करता है। विश्व इतिहास के परिप्रेक्ष्य में भारतीय इतिहास की क्रमबद्धता और उसका स्वाभाविक विस्तार, इतिहास की एक वस्तुनिष्ठ समझ को बढ़ावा देता है। इतिहास की विभिन्न दृष्टियों एवं इतिहास लेखन की अद्यतन प्रविधियों को शामिल करता हुआ यह पाठ्यक्रम औपचारिक शिक्षा से वंचित ज्ञानार्थियों के लिए इतिहास में दक्षता के साथ-साथ इतिहास से जुड़े अन्य अकादमिक एवं पेशेवर क्षेत्रों में अवसर की संभावना के नए द्वार खोलता है। यह पाठ्यक्रम निम्न तरीकों से विद्यार्थियों को इतिहास के ज्ञान में विशिष्टता प्रदान करता है,

- इतिहास की एक पूर्ण समझ को विकसित करना।
- भारतीय इतिहास के विकास क्रम को विश्व इतिहास के परिप्रेक्ष्य में व्याख्यायित करना।
- इतिहास लेखन के विभिन्न सिद्धांतों और दृष्टिकोणों को समझने का प्रयास करना।
- इतिहास की समझ को, आधुनिकता के साथ-साथ उत्तर आधुनिक प्रवृत्तियों एवं विमर्शों से विस्तृत करना।
- इतिहास के प्रति विद्यार्थियों में आलोचनात्मक ज्ञान को विकसित करना।
- भारतीय राष्ट्र राज्य और सामाजिक संरचना के अद्यतन घटनाओं के प्रति ऐतिहासिक विश्लेषण की पद्यति को विकसित करना।

2) उच्च शिक्षा संस्थान के ध्येय एवं प्रयोजन के प्रति कार्यक्रम की प्रासंगिकता(Relevance of the program with HEI's Mission and Goals):

विश्वविद्यालय के अधिनियम की धारा 4 में उल्लिखित विश्वविद्यालय के उद्देश्यों में बताया गया है कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य - दूरस्थ शिक्षा पद्धति के माध्यम से हिंदी को लोकप्रिय बनाना होगा'।

साथ ही धारा 5 के उपबन्ध (5) के अन्तर्गत विश्वविद्यालय को प्रदत्त शक्तियों में यह बताया गया है कि दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से उन व्यक्तियों को जिनके बारे में वह निर्धारित करे, सुविधाएँ प्रदान करना है'|

इस पृष्ठभूमि के आलोक में 15 जून, 2007 को महात्मा गांधी अन्तरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम का उद्घाटन भारत के राष्ट्रपति महामहिम डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम द्वारा किया गया।

विश्वविद्यालय के दूरस्थ शिक्षा केन्द्र का उद्देश्य हिंदी भाषा के माध्यम से ज्ञान के नवीनतम अनुशासनों की शिक्षा समाज के हर तबके- विशेष तौर पर समाज के हाशिए पर रह रहे शिक्षा से वंचित लोगों तक पहुँचाना है। यह केन्द्र हिंदी भाषा को आधार बनाकर प्रबन्धन, सूचना प्रौद्योगिकी, अनुवाद आदि अनुशासनों में शिक्षण, मौलिक सोच एवं लेखन को प्रोत्साहित करने हेतु कटिबद्ध है। हिंदी में मौलिक-वैकल्पिक सोच एवं शोध के लिए प्रतिबद्ध इस विश्वविद्यालय का दूरस्थ शिक्षा केन्द्र यह प्रयास करेगा कि एक ओर दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम शोध/अनुसंधान द्वारा हिंदी एवं ज्ञान के अनुशासनों में मौलिक सृजन करे, साथ ही, दूसरी ओर हिंदी भाषा के माध्यम से रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रमों द्वारा समाज की आवश्यकताओं की पूर्ति कर सके। देश में उच्च शिक्षा के लगातार महँगे एवं आमजन की

पहुँच से दूर होने के इस दौर में दूरस्थ शिक्षा की भूमिका निर्विवाद एवं महत्वपूर्ण है। अत: यह केन्द्र उन सभी व्यक्तियों के लिए शिक्षा प्राप्ति का एक बेहतर अवसर प्रदान कर सकेगा जो किसी कारण शिक्षा प्राप्त नहीं कर सके। आशा है कि इसी राह पर चलते हुए यह केन्द्र अपने ध्येय 'शिक्षा जन-जन के द्वार' को चरितार्थ कर सकेगा। महात्मा गांधी अन्तरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय का दूरस्थ शिक्षा केन्द्र वर्तमान शिक्षा व्यवस्था के लिए विकल्प उपस्थित करने, हिंदी में मौलिक सोच एवं अनुसंधान, समाज के हर तबके विशेष तौर पर शिक्षा से वंचित तबकों के लिए उच्च शिक्षा तक पहुँच आसान बनाने हेतु ज्ञान के नवीनतम अनुशासनों की हिंदी भाषा के माध्यम से मौलिक प्रस्तुति एवं नवीनतम तकनीकों का प्रयोग करते हुए दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रमों के हिंदी माध्यम से प्रचार-प्रसार को सुनिश्चित करेगा।

एम.ए. (इतिहास) पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय के इन्हीं उद्देश्यों को ध्यान में रखकर प्रस्तावित किया गया है। एक ओर यह पाठ्यक्रम इतिहास के एक महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम को हिंदी माध्यम के जरिए अधिक लोगों तक पहुँचने का प्रयास करता है, वहीं दूसरी ओर यह पाठ्यक्रम रोजगारपरक कौशल भी प्रदान करता है।

3) प्रस्तावित कार्यक्रम के संभावित शिक्षार्थी समूह की प्रकृति(Nature of prospective target group of learners):

इस कार्यक्रम के अतंर्गत निम्नलिखित संभावित शिक्षार्थी समूहों को रेखांकित किया गया है-

- स्नातक उत्तीर्ण विद्यार्थी
- स्वयंसेवी संगठनों में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी
- गैर-सरकारी संगठनों में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी
- इतिहास में रुचि रखने वाले स्नातक उत्तीर्ण स्त्री/पुरूष

4) दूर शिक्षा माध्यम से विशिष्ट कौशल एवं दक्षता प्राप्त करने में प्रस्तावित पाठ्यक्रम की उपयुक्तता (Appropriateness of programme to be conducted in Open and Distance Learning mode to acquire specific skills and competence) :

विद्यार्थी इस पाठ्यक्रम को पूर्ण करने के उपरांत निम्नलिखित दक्षता प्राप्त कर सकेंगे –

- इतिहास की एक समग्र समझ विकसित कर सकेंगे।
- भारतीय इतिहास के क्रमबद्य अध्ययन को वैश्विक संदर्भों में समझ सकेंगे।
- इतिहास के अध्ययन में अन्तरविषयक अध्ययन पद्यति से परिचित हो सकेंगे।
- इतिहास लेखन की प्रविधि से परिचित होकर एक पेशेवर इतिहासकार बन सकेंगे।
- इतिहास लेखन एवं इसकी पद्यति के नवाचारों सेपरिचित हो सकेंगे।
- इतिहास लेखन एवं उसमें अनुसंधान के नये क्षेत्रों की पहचान कर सकेंगे।

- इतिहास ज्ञान की अनिवार्य योग्यता वाले रोजगार के अवसरों के अनुरूप अपने को तैयार कर सकेंगे।
- इतिहास की एक वस्तुनिष्ठ समझ के साथ एवं जिम्मेवार और जागरूक नागरिक बन सकेंगे।
- समसामयिक घटनाओं के प्रति ऐतिहासिक विश्लेषण की प्रविधियों से परिचित हो सकेंगे।

5) निर्देशात्मक प्रारूप (Instructional Design) :

दूर शिक्षा प्रणाली में विद्यार्थी के अध्ययन की व्यवस्था परम्परागत विश्वविद्यालयों से भिन्न होती है। यह पद्धति विद्यार्थी केन्द्रित होती है और इसकी सफलता विद्यार्थी के सक्रिय सहयोग और स्वाध्याय से संभव हो पाती है। इसमें संस्थान द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पाठ्यक्रम से संबंधित निर्देश विद्यार्थी तक पहुँचाने हेतु विश्वविद्यालय बहुआयामी पद्धति अपनाता है-

- स्व-निर्देशित ऑनलाइन पाठ्यसामग्री - विद्यार्थियों को विषय से संबंधित ऑनलाइन पाठ्यसामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। पीडीएफ फाइल प्रारूप में यह सामग्री निदेशालय की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। इस पाठ्यसामग्री को विद्यार्थी अपने कम्प्यूटर या मोबाइल पर निःशुल्क डाउनलोड कर अध्ययन कर सकते हैं।
- अकादमिक परामर्शदाताओं द्वारा अध्ययन केंद्र में सीधे परामर्श – विद्यार्थी जिस अध्ययन केंद्र में पंजीकृत हैं उन अध्ययन केंद्रों पर अपने अकादमिक परामर्शदाताओं से सम्पर्क कर सकते हैं। अकादमिक परामर्शदाता उन्हें सत्रीय कार्य, परियोजना कार्य आदि से संबंधित जानकारी प्रदान करते हैं।
